Title: Regarding gauge-conversion of the metergauge railway line from Shriganganagar to Swarupsar to broadguage railway line.

श्री निहाल चन्द चौहान (श्रीगंगानगर) : महोदय, मैं राजस्थान के सीमा क्षेत्र से आया हूं। मैंने पूर्व में भी कई बार निवेदन किया था कि मेरे लोकसभा क्षेत्र श्रीगंगानगर की एक मीटरगेज़ लाईन है- श्रीगंगानगर से स्वरूपसर। 1998 में माननीय वाजपेयी साहब हनुमानगढ़ गए थे। हमारे बीच में प्रमोद महाजन साहब भी उपस्थित हैं। माननीय वाजपेयी जी ने इस ब्रॉडगेज़ लाईन की 1998 में मेरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के हनुमानगढ़ जिले में जाकर घोाणा की थी कि यह मीटरगेज़ लाईन को ब्रॉडगेज़ कर दिया जाएगा, लेकिन इस घोाणा के बावजूद भी आज तक इस लाईन को चेंज नहीं किया गया है।

महोदय, यह सीमा क्षेत्र की लाईन है, वहां सभी लाईनें ब्रॉडगेज हैं और भारत की सुरक्षा के मामले में भी इस लाईन का ब्रॉडगेज़ होना जरूरी है, इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा कि यह जो 127 किलोमीटर की मीटरगेज़ की लम्बी लाईन हनुमानगढ़ से स्वरूपसर की है, इसे ब्रॉडगेज़ करने में स्वीकृति प्रदान करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।